**भारतीय रिजर्व बैंक**

**मानव संसाधन प्रबंधन विभाग, चेन्नै**

**भाग I - तकनीकी बोली**

**खंड I**

**निविदा आमंत्रित करने की नोटिस (एनआईटी) और निविदा की अनुसूची (एसओटी)**

भारतीय रिजर्व बैंक, चेन्नै द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए, निम्नानुसार निर्दिष्ट न्यूनतम पूर्व-योग्यता मानदंडों को पूरा करने वाले पात्र ठेकेदारों से ई-निविदा मोड के माध्यम से दो भागों की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं, उनके विशिष्ट विवरण और बोलीदाता के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश निम्नानुसार हैं

| | |
|---|---|
| क) विभाग का नाम | मानव संसाधन प्रबंध विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, चेन्नै। |
| ख) ई-निविदा सं: | **आरबीआई / चेन्नै / एचआरएमडी / 65 / 22-23 / ईटी / 543** |
| ग) ई-निविदा नाम (कार्य का विवरण) | उधगमंडलम स्थित बैंक की संपत्ति में हाउसकीपिंग और खानपान कार्यों सहित देखभाल कार्यों के लिए वार्षिक रखरखाव संविदा। |
| घ) निविदा का माध्यम | ई-खरीद प्रणाली ऑनलाइन<br>(भाग I – तकनीकी बोली और भाग II - वित्तीय बोली (*https://www.mstcecommerce.com/eprochome/rbi/*) के माध्यम से |
| ड.) पार्टियों को डाउनलोड के लिए निविदा आमंत्रित करने की नोटिस (एनआईटी) उपलब्ध होने की तारीख | **12 जनवरी 2023 को 16.00 बजे से** |
| च) निविदा का अनुमानित मूल्य | 01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक 12 महीनों के लिए प्रति वर्ष जीएसटी रहित ₹ 8,12,000 /-<br>एजेंसी द्वारा संतोषजनक कार्यनिष्पादन और आरबीआई चेन्नै के विवेकाधिकार के अधीन दो साल तक यानी 31 मार्च 2026 (एक बार में एक वर्ष) तक संविदा की अवधि बढ़ायी जा सकती है। |

| | |
|---|---|
| छ) बयाना जमा राशि (ईएमडी) | ₹16,240/- एनईएफटी द्वारा<br>लाभार्थी का नाम:<br>**एचआरएमडी-आवंटन, आरबीआई-चेन्नै।**<br>लाभार्थी खाता संख्या:<br>**186003001**<br>आईएफएससी:<br>RBIS0CNPA01 (5वां और 10वां अंक शून्य है)<br>***ईएमडी को अदा करने का प्रमाण एमएसटीसी पोर्टल में अपलोड किया जाना है। बोलीदाताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि वे लेनदेन संख्या के साथ अदा करने का प्रमाण (स्कैन की गई प्रति) ईमेल आईडी: allotmentchennai@rbi.org.in पर भेजें*** |
| ज) बोली पूर्व बैठक | ऑफ़लाइन - 08 फरवरी 2023 को 15:00 बजे (स्थान: भारतीय रिज़र्व बैंक, एचआरएमडी, दूसरी मंजिल, 16, राजाजी सालै, फोर्ट ग्लासिस, चेन्नै -600001)।<br>नोट: सहभागियों को सूचित किया जाता है कि वे आवश्यक व्यवस्था करने के लिए एक दिन पहले, उल्लिखित मेल आईडी के माध्यम से अपनी सहभागित की पुष्टि करें। |
| झ) https://www.mstcecommerce.com/eprochome/rbi/ पर ऑनलाइन तकनीकी-वाणिज्यिक बोली और मूल्य बोली प्रस्तुत करने के लिए ई-निविदा शुरू करने की तिथि | **10 फरवरी 2023 को 16:00 बजे** |
| ञ) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | **20 फरवरी 2023 को 16:00 बजे** |
| ट) तकनीकी-वाणिज्यिक बोली और मूल्य बोली जमा करने के लिए ऑनलाइन ई-निविदा प्रस्तुति समाप्त होने की तिथि | **20 फरवरी 2023 को 16:00 बजे** |
| (ठ) भाग-I (तकनीकी-वाणिज्यिक-बोली) के खुलने की तिथि | **21 फरवरी 2023 की 15:00 बजे** |
| ड) भाग-II के खुलने की तिथि (मूल्य-बोली) | **मार्च 2023 का दूसरा सप्ताह (अस्थायी रूप से)**<br>केवल उन्हीं बोलीदाताओं के भाग-II (मूल्य बोली) इलेक्ट्रॉनिक रूप से खोली जाएगी जिनके भाग-I (तकनीकी बोली) को भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै द्वारा स्वीकार्य पाया गया है। ऐसे बोलीदाताओं को उनके द्वारा दिए गए वैध ईमेल के माध्यम से भाग-II (वित्तीय बोली) खोलने की तारीख के बारे में सूचित किया जाएगा। |

| | |
|---|---|
| ढ) निविदा की वैधता | निविदा के भाग-I को खोलने की तारीख से तीन महीने। |
| ण) लेनदेन शुल्क | एमएसटीसी लिमिटेड के पक्ष में एमएसटीसी पोर्टल में उल्लिखित लेनदेन शुल्क का भुगतान एमएसटीसी भुगतान गेटवे / एनईएफटी / आरटीजीएस के माध्यम से। |

**नोट:- उद्यम पंजीकरण संख्या (उद्योग आधार ज्ञापन नंबर) रखने वाले एमएसई के लिए बोली के समय ईएमडी जमा करने से छूट दी गई है। किसी भी छूट का दावा करने के लिए उद्यम प्रमाण पत्र की प्रति अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जानी चाहिए।**

**2.** जो बोलीदाता निम्नलिखित न्यूनतम **अर्हता-पूर्व मानदंडों** को पूरा करते हैं, वे निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

| क्र. | मानदंड | अपेक्षा |
|---|---|---|
| 1 | पिछले अनुभव की अवधि | a) एजेंसी को 31 दिसंबर 2022 तक श्रमिक, सामग्री और सेवा समेत प्रतिष्ठित संगठनों (सरकारी विभागों / सार्वजनिक क्षेत्र (केंद्र या राज्य) / प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र की कंपनियों / बहुराष्ट्रीय निगमों / सार्वजनिक या निजी क्षेत्र के बैंकों / तीन सितारा और उससे ऊपर की श्रेणी के होटेल जो अपने स्वयं अपने होटेल के रसोई-घर का संचालन और रखरखाव करते) के गेस्ट हाउसों के रखरखाव में न्यूनतम पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए।<br>b) आवेदक को पिछले पांच वर्षों के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों के विवरण को दिखाते हुए अपनी ग्राहक सूची और दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिए।<br>c) एजेंसी का **उधगमंडलम** में **अनिवार्य रूप से** एक कार्यालय (पंजीकृत / कॉर्पोरेट / शाखा / आंचलिक प्रतिनिधि / संपर्क) होना चाहिए। इस संबंध में दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत किए जाने चाहिए।<br>d) कंपनियों को सूचित किया जाता है कि यदि वे एमएसएमई, एफएसएसएआई आदि में पंजीकृत हैं, तो दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करें। |
| 2 | प्रत्येक पूर्ण किए गए कार्य (योग्यता) का न्यूनतम मूल्य | पिछले पांच वर्षों के दौरान यानी 31 दिसंबर 2022 तक हाउसकीपिंग और कैटरिंग कार्यों सहित देखभाल कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने का अनुभव और निम्नलिखित में से एक होना चाहिए:<br>तीन समान कार्यों जिनमें से प्रत्येक की अनुमानित लागत, अंदाजन अनुमानित लागत के 40% के बराबर राशि का समान हो अर्थात प्रत्येक की लागत ₹ 3,24,800/- |

| | | |
|---|---|---|
| | | हो।<br>**अथवा**<br>दो समान कार्यों जिनकी व्यक्तिगत लागत, अंदाजन अनुमानित लागत के 50% के बराबर राशि हो यानी प्रत्येक के लिए ₹ 4,06,000/- हो।<br>**अथवा**<br>एक समान कार्य जिसकी लागत, अंदाजन अनुमानित लागत के 80% के बराबर राशि हो यानी ₹ 6,49,600 /-<br>**नोट:** एजेंसी को सूचित किया जाता है कि ऊपर सुझाए गए तीन तरीकों में से किसी में भी दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करें। एजेंसियों के लिए **उधगमंडलम** (अधिमानतः जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) में स्थित कम से कम एक ग्राहक का कार्य किया गया हो, से संबंधित दस्तावेज़ी प्रमाणप प्रस्तुत करना भी अनिवार्य है क्योंकि इससे आरबीआई अधिकारियों वाली समिति साइट निरीक्षण करने में सक्षम होगी।<br>**प्रबंधन और हाउसकीपिंग (खानपान सहित) सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी / एजेंसी / फर्म के कार्यनिष्पादन के बारे में ग्राहक का प्रमाण पत्र, दस्तावेजी प्रमाण (पीडीएफ प्रारूप में स्कैन की गई प्रति) के रूप में अपलोड किया जाना चाहिए** (**अनुबंध II के अनुसार**) |
| 3 | वार्षिक कारोबार | पिछले तीन वर्षों के दौरान यानी 31 दिसंबर 2022 तक हाउसकीपिंग और केयरटेकिंग सेवाओं से प्रति वर्ष ₹ 8,12,000 /- के बराबर राशि का न्यूनतम वार्षिक कारोबार होना चाहिए। |
| 4. | शोधक्षमता | फर्म को पैनल में शामिल करने/कार्य के प्रयोजन के लिए विशेष रूप से इच्छुक बोलीदाता के बैंकर द्वारा जारी 'शोधक्षमता प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना चाहिए। ₹8,12,000 लाख (केवल आठ लाख पच्चीस हजार रुपये) **(अनुबंध-III)** |

** अनुबंध के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें*

**नोट:**

**(i)** * **समान कार्य** का मतलब **'देखभालकार्य, हाउसकीपिंग और खानपान कार्यों के लिए वार्षिक रखरखाव संविदा'** होगा। **"**।

**(ii)** समान कार्य की लागत की गणना करते समय, समान कार्य (ऊपर उल्लिखित) की परिभाषा में शामिल कार्य के अलावा अन्य निष्पादित कार्य के घटकों को घटाया जाएगा। बोलीदाताओं को इसके समर्थन में कार्य की लागत का सारांश प्रस्तुत करना होगा।

**(iii)** समान कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र के संबंध में, निजी कंपनियों द्वारा जारी ग्राहक प्रमाण पत्र (ओं) के साथ स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) प्रमाण पत्र की प्रति भी प्रस्तुत करनी होगी।

विनिर्दिष्ट प्रमाणपत्रों के बिना प्राप्त बोलियों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा और बैंक को यह अधिकार होगा कि जब भी आवश्यक हो, उक्त दस्तावेजों की प्रामाणिकता का सत्यापन / कारण सत्यापन कर सकता है।

**(iv)** सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के लिए किए गए समान कार्यों को अर्हता प्राप्त करने के लिए ग्राहक के प्रमाण पत्र के संबंध में, प्रमाण पत्र संबंधित कार्यकारी अभियंता या समकक्ष या उच्च रैंक के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए। निजी कंपनियों के लिए किए गए समान कार्यों को अर्हता प्राप्त करने के लिए, साख / संविदा राशि साबित करने के लिए स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**(v)** अर्हता कार्यों के लिए बैंक यदि चाहे तो सीधे ग्राहकों के अर्हक कार्य(ओं), बोलीदाताओं के बैंकर (ओं) से कार्यनिष्पादन रिपोर्ट प्राप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बैंक स्वयं भी बोलीदाता द्वारा उनकी बोली में उल्लिखित पात्र / अर्हक कार्यों का निरीक्षण कर सकता है।

**(vi)** यह स्पष्ट किया जाता है कि आवेदक द्वारा अपने इन-हाउस या पूंजीगत उपयोग के लिए निष्पादित कार्य को समान कार्यों को पूरा करने के कार्य अनुभव के उद्देश्य से नहीं माना जाएगा।

**(vii)** **यदि प्रारूप में उपलब्ध स्थान पूर्ण विवरण प्रस्तुत करने के लिए अपर्याप्त है, तो उस जानकारी को बैंक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित प्रारूप के अनुसार कागज की एक अलग शीट पर प्रस्तुत किया जा सकता है, जिसे मुहर सहित विधिवत हस्ताक्षरित करते हुए, स्कैन किया जा सकता है और सहायक दस्तावेजों के साथ अपलोड किया जा सकता है।**

**(viii)** यहां तक कि, यदि किसी कॉलम में कोई जानकारी नहीं दी जानी है, तो उस कॉलम में **'शून्य'** या **'ऐसी कोई मामलना नहीं'** प्रविष्टि की जानी चाहिए। यदि बोलीदाता के मामले में कोई विवरण/प्रश्न लागू नहीं है, तो इसे **'लागू नहीं'** के रूप में कहा जाना चाहिए। निविदा दस्तावेज में उल्लिखित सभी संलग्नक होंगे और प्रतियां स्व-सत्यापित होंगी।

**(ix)** एक बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत बोली जो उपरोक्त अर्हता-पूर्व मानदंडों को पूरा नहीं करती है, उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। झूठी और / या अधूरी जानकारी वाली बोलियां अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी हैं।

3. पूर्ण विवरण के लिए कृपया निविदा दस्तावेज तकनीकी-वाणिज्यिक बोली (भाग 1) और मूल्य-बोली (भाग 2) देखें। इसके अलावा शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो, तो बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'निविदाएं' लिंक के तहत और https://www.mstcecommerce.com/ में होस्ट किया जाएगा। बैंक सबसे कम निविदा को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और किसी भी निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बैंक बिना कोई कारण बताए किसी एक या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।

**एस एम एन स्वामी**

**क्षेत्रीय निदेशक**